भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1774

उत्तर देने की तारीख 28 नवंबर, 2019
7 अग्रहायण, 1941 (शक)

खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल अवार्ड

1774. श्री विष्णु दत्त शर्मा:
श्री रेबती त्रिपुरा:
श्री धनुष एम. कुमार:
श्री विजय कुमार दुबे:
श्रीमती संध्या राय:
श्री सुब्रत पाठक:
श्री जी. सेल्वम:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) चयन समिति द्वारा कितने खिलाड़ियों का चयन किया गया है तथा 2019 हेतु राष्ट्रीय खेल अवार्ड दिया गया है;

(ख) क्या सरकार ने उन खिलाड़ियों को जिन्होंने देश का नाम रोशन किया है को विशेष सम्मान और नकद सम्मान भी प्रदान किया है तथा यदि हां, तो गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान घोषित और दिए गए नकद सम्मान की राशि कितनी है;

(ग) क्या उक्त खिलाड़ियों को सेवानिवृत्ति के पश्चात् और वृद्धावस्था में जीवनयापन हेतु सहायता प्रदान करने हेतु कोई योजना है;

(घ) यदि हां, तो उक्त योजना से अब तक कितने खिलाड़ी लाभान्वित हुए हैं;

(ङ) यदि नहीं, तो क्या सरकार का भविष्य में उक्त ऐसी योजना बनाने का प्रस्ताव है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा देश में खिलाडियों के कल्याण हेतु अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) : चयन समिति द्वारा खेल पुरस्कारों के लिए चयनित खिलाड़ियों और पुरस्कार प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों से संबंधित सूचना निम्नलिखित है :-

क्र.सं.	खेल पुरस्कार का नाम	चयनित खिलाड़ियों की संख्या	पुरस्कार प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों की संख्या
1	राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार	06	02
2	द्रोणाचार्य पुरस्कार (नियमित श्रेणी)	06	03
3	द्रोणाचार्य पुरस्कार (जीवनपर्यंत श्रेणी)	07	03
4	अर्जुन पुरस्कार	36	19
5	ध्यान चंद पुरस्कार	08	05
6	राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार	09	03
7	मौलाना अबुल कलाम आज़ाद (माका) ट्रॉफी	04	01

(ख) 'अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में पदक विजेताओं और उनके कोचों को नकद पुरस्कार स्कीम' के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है। पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष (25.11.2019 तक) के दौरान खिलाड़ियों को प्रदान किए गए नकद पुरस्कार की धनराशि से संबंधित सूचना इस प्रकार है :

क्र.सं.	**वर्ष**	**खिलाड़ियों/ कोचों की संख्या**	**धनराशि (रु)**
1	2016-17	854	20,95,82,321
2	2017-18	489	11,60,12,500
3	2018-19	307	24,86,20,000
4	2019-20	502	41,68,34,000

(ग) जी हां। यह मंत्रालय ओलंपिक खेलों, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों आदि के पदक विजेताओं को सक्रिय खेल से संन्यास लेने के बाद जीवनपर्यंत मासिक पेंशन प्रदान करने के लिए ' मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन' की स्कीम और गरीबी की हालत में रह रहे बीते जमाने के खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 'खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कोष (पीडीयूएनडब्ल्यूएफएस)' की स्कीम का कार्यान्वयन कर रहा है ।

(घ) वर्तमान में, 'मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन' की स्कीम के अंतर्गत 627 खिलाड़ी 12000 से 20000 रुपए प्रति माह जीवनपर्यंत पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। पिछले 3 वर्षों और चालू वर्ष (25.11.2019 तक) के दौरान पीडीयूएनडब्ल्यूएफएस के अंतर्गत खिलाड़ियों को दी गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा इस प्रकार है:

क्र.सं.	वर्ष	सहायता प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों की संख्या	धनराशि(रु)
1	2016-17	03	12,85,000
2	2017-18	06	25,37,500
3	2018-19	12	66,00,000
4	2019-20	12	49,32,415

(ड) प्रश्न नहीं उठता।

(च) रेल मंत्रालय द्वारा अर्जुन पुरस्कार विजेताओं, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेताओं आदि, जो स्वयं और 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर किसी साथी के लिए जीवनपर्यंत मुफ्त रेल यात्रा के हकदार होंगे, को मानार्थ पास और केंद्रीय सरकार में मेधावी खिलाड़ियों के लिए समूह 'ग' पदों पर सीधी भर्ती में 5 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान की सुविधा सहित खिलाड़ियों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा अन्य कदम उठाए गए हैं ।

****